collegebatch.com

Series : ABCD4/3

SET – 3

प्रश्न–पत्र कोड 2/3/3

रोल नं.

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | |

परीक्षार्थी प्रश्न–पत्र कोड को उत्तर–पुस्तिका के मुख–पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

Core Hindi Core Hindi Core Hindi Core Hindi Core Hindi Core Hindi

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न–पत्र में मुद्रित पृष्ठ 4 हैं ।
- प्रश्न–पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न–पत्र कोड को छात्र उत्तर–पुस्तिका के मुख–पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न–पत्र में 7 प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर–पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न–पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न–पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न–पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर–पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे । *

# हिन्दी (आधार)
# HINDI (Core)

*निर्धारित समय : 2 घण्टे* — *अधिकतम अंक : 40*

**सामान्य निर्देश :**

निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका अनुपालन कीजिए :

*(i)* *इस प्रश्न–पत्र में वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं ।*

*(ii)* *इस प्रश्न–पत्र में **दो** खंड हैं । **खंड–क** और **खंड–ख** ।*

*(iii)* *इस प्रश्न–पत्र में कुल **07** प्रश्न पूछे गए हैं । **सभी** प्रश्नों के उत्तर देने हैं ।*

*(iv)* *प्रश्नों में आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं । निर्देशानुसार उत्तर दीजिए ।*

collegebatch.com

## खंड – क

### (कार्यालयी हिंदी और रचनात्मक लेखन) (20)

1. निम्नलिखित दिए गए तीन शीर्षकों में से **किसी एक** शीर्षक का चयन कर लगभग 200 शब्दों का एक रचनात्मक लेख लिखिए : 1 × 5 = 5
   - कितना कुछ देती है प्रकृति
   - जब अचानक भू-स्खलन हुआ
   - मोबाइल खेलों की बढ़ती लत

2. (a) आपके पैतृक गाँव में उच्च शिक्षण-संस्थानों की कमी है । किसी प्रमुख हिंदी समाचार-पत्र के सम्पादक को पत्र लिखकर ग्रामीण क्षेत्रों में उच्च शिक्षण-संस्थानों के अभाव का उल्लेख कीजिए और उन क्षेत्रों में उच्च शिक्षण संस्थान खोलने का सुझाव दीजिए । 5

**अथवा**

(b) आप अपने घर के पास स्थित मॉल में खरीददारी करने गए । खरीददारी करने के उपरांत आपने पाया कि आपकी स्कूटी निर्धारित स्थान पर नहीं है । थाना जाने पर आपकी शिकायत भी नहीं लिखी गई । पूरी जानकारी देते हुए क्षेत्र के पुलिस उपायुक्त/अधीक्षक को पत्र लिखिए । 5

3. (i) (a) कहानी और नाटक में क्या अंतर है ? दोनों के मूल तत्त्वों की समानता बताते हुए अंतर स्पष्ट कीजिए । 3

**अथवा**

(b) कहानी के पात्रों को नाट्य रूपांतरण में किस प्रकार प्रभावशाली बनाया जा सकता है ? उदाहरण सहित लिखिए । 3

(ii) (a) रेडियो नाटक के लिए किन तीन मुख्य बातों का विचार करना चाहिए और क्यों ? 2

**अथवा**

(b) रेडियो नाटक का लेखन सिनेमा और रंगमंच के लेखन से भिन्न कैसे है ? 2

4. (i) (a) समाचार लेखन की सबसे लोकप्रिय, उपयोगी और बुनियादी शैली कौन सी है ? उसकी विशेषताओं का उल्लेख कीजिए । 3

**अथवा**

(b) विशेष लेखन से क्या अभिप्राय है ? इसकी भाषा शैली संबंधी विशेषताओं का आधार क्या होता है और क्यों ? 3

(ii) (a) बीट रिपोर्टर बनने के लिए क्या-क्या तैयारियाँ करनी पड़ती हैं ? उदाहरण सहित समझाइए । 2

**अथवा**

(b) नए एवं अप्रत्याशित विषयों पर लेखन से आप क्या समझते हैं ? यह एक चुनौती कैसे है ? 2

collegebatch.com

## खंड – ख

### (पाठ्य–पुस्तक और अनुपूरक पाठ्य–पुस्तक) (20)

5. निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से **किन्हीं दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **50-60** शब्दों में लिखिए : **(2 × 3 = 6)**

(i) 'उषा' कविता में 'भोर के नभ' की पवित्रता, निर्मलता और उज्ज्वलता को किन रूपों में वर्णन किया गया है ? अपने शब्दों में लिखिए। **3**

(ii) 'खेती न किसान को' छंद के आधार पर बताइए कि तुलसीदास ने अपने समाज के लोगों की जीविका विहीनता का चित्रण कैसे किया है। **3**

(iii) फिराक गोरखपुरी की ग़ज़ल के शेरों से उभरने वाले प्रकृति–सौंदर्य को अपने शब्दों में लिखिए। **3**

6. निम्नलिखित चार प्रश्नों में से **किन्हीं तीन** प्रश्नों के उत्तर लगभग **50-60** शब्दों में लिखिए : **(3 × 3 = 9)**

(i) 'पहलवान की ढोलक' कहानी प्राचीन लोक–कलाओं के संरक्षण का संदेश देती है। इनके पुनर्जीवन के लिए क्या प्रयास किए जा सकते हैं ? **3**

(ii) 'नमक' कहानी में आए चरित्रों के माध्यम से स्पष्ट कीजिए कि आज भी दोनों देशों की जनता के बीच मुहब्बत का नमकीन स्वाद घुला हुआ है। **3**

(iii) 'श्रम–विभाजन और जाति–प्रथा' पाठ के आधार पर लिखिए कि जाति आधारित श्रम विभाजन आर्थिक विकास के लिए किस प्रकार बाधक है। **3**

(iv) 'श्रम–विभाजन और जाति–प्रथा' पाठ के आधार पर बताइए कि मनुष्य को पेशा बदलने की आवश्यकता क्यों पड़ती है ? पेशा बदलने की स्वतंत्रता न होने से क्या परिणाम होता है ? **3**

7. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **(3 + 2 = 5)**

(i) (a) उन तथ्यों का उल्लेख कीजिए जो लेखक की इस मान्यता की पुष्टि करते हैं कि "सिंधु घाटी सभ्यता समृद्ध थी परंतु उसमें भव्यता का आडंबर नहीं था"। **3**

**अथवा**

(b) 'ऐन फ्रैंक की डायरी' पिछले 50 वर्षों में विश्व में सबसे अधिक पढ़ी गई पुस्तकों में से एक है। इस डायरी में ऐसी क्या विशेषताएँ हैं ? लिखिए। **3**

(ii) (a) 'मुअन जो–दड़ो' के बड़े घरों में छोटे कमरे होने का क्या कारण था ? **2**

**अथवा**

(b) 'ऐन फ्रैंक की डायरी' उसकी निज़ी भावनात्मक उथल–पुथल का दस्तावेज भी है। इस कथन की विवेचना कीजिए। **2**

*